# Legal Literacy Report 2021-2022

- **Pledge for not burning crackers:** Organized a programme for Motivate the students not to burst crackers and took a pledge for not burning crackers on 14 October 2021.
- **Organized a programme on Dengue awareness:** Organized progamme on 20 November 2021 to create awareness about dengue. Organizer Dr. Vijay Chawla visited every class to create dengue awareness among the students.
- **Celebrated Human Rights day:** Legal Literacy Cell in collaboration with Commerce department celebrated human right day on 11 December 2021. Organizer Dr. Vijay Chawla and Dr. Seema Gupta visited every class to aware the students about human rights and responsibilities.
- **Declamation contest**: Organized College level Declamation on 28 January 2022 to aware the students about Role of women in nation of women in Nation Building, Child Safety, Road safety, Save the Girl child etc.
- **Group Discussion and declamation competition:** Organized Group discussion competition on 01 June 2022. 86 students participated in this event.

## Some Selected Press News

### राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. बाजपेयी

सच कहूँ/जयमल सैनी

जगाधरी। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में लीगल लिटरेसी सेल के तत्वाधान से डॉ विजय चावला के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत कालेज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी द्वारा की गई। डॉ. बाजपेयी ने कहा कि आज के समय समाज एवं देश को मजबूत करने में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं का भी योगदान अहम है क्योंकि कोई भी घर, समाज एवं देश महिलाओं की भागीदारी के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। डॉ. बाजपेयी ने कहा कि एक महिला, बेटी,बहू, बहन व माता के साथ-साथ एक सफल अध्यापिका, इंजीनियर, पायलट, डॉक्टर व राजनेता में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन कर रही है अतः महिलाएं समाज का अभिन्न अंग है। जिनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय चावला ने बताया कि विद्यार्थियों को जागरूक करने एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी देने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण, बाल मजदूरी, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ रहे। डॉ चावला ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ उसको समाज एवं देश के प्रति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना भी अति आवश्यक है ।

सच कहूँ Sat, 29 Jan

### कर्तव्यों के बारे में भी रहें जागरूक : डा. बाजपेयी

**जागरण संवाददाता, यमुनानगर :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में कामर्स विभाग एवं लीगल लीट्रेसी सेल के तत्वावधान में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य डा. पीके बाजपेयी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डा. बाजपेयी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा आज के समय का सबसे महत्वपूर्ण एवं चर्चा का विषय है। केवल अपने अधिकारों के बारे में ही नहीं, बल्कि कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक भी रहना चाहिए।

कामर्स विभागाध्यक्ष डा. सीमा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। लीगल लीट्रेसी सेल एवं यूथ रेडक्रास इंचार्ज डा. विजय चावला ने विद्यार्थियों को अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें संगम एवं पवन प्रथम, पूजा एवं गौरव द्वितीय रहे।



मानव अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता। ● विज्ञप्ति

### भाषण में पूजा रही प्रथम



**यमुनानगर।** जगाधरी के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन लीगल लिटरेसी सेल की ओर डॉ. विजय चावला के नेतृत्व में किया गया। इसमें सौ विद्यार्थियों की भागीदारी रही। इनमें 15 प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रीतिका व नेहा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। बीकॉम सेकेंड ईयर की पूजा को प्रथम, बीसीए सेकंड ईयर की ईशा को द्वितीय व बीकॉम सेकेंड ईयर से संगम व प्रणव को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीके वाजपेई ने किया। संवाद

हरिभूमि

रोहतक - यमुनानगर

2 Jun 2022

### प्रतिस्पर्धा से बढ़ता है आत्मविश्वास

- महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी में भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- प्रतियोगिता में बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा ने दिया सबसे अच्छा भाषण



यमुनानगर। महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी में लिटरेसी सेल द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने किया। वहीं, अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय चावला ने की। भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा ने प्रथम, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा ने द्वितीय और बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र संगम व बी.कॉम द्वितीय वर्ष के छात्र प्रणव को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मैडम प्रीतिका व मैडम नेहा ने निभाई। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी ने विजेताओं को बधाई दी और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं, गतिविधियों व कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए।

# विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव की दी जानकारी



यमुनानगर : कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

यमुनानगर, 20 नवम्बर (सुनील) : महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में यूथ रेडक्रॉस के सौजन्य से डॉ. विजय चावला के नेतृत्व में डेंगू से बचाव को लेकर सावधानियों के विषय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कालेज प्राचार्य डॉ. बाजपेयी द्वारा की गई डॉक्टर बाजपेयी ने बताया कि डेंगू डेंगू से बचने का सबसे सरल उपाय सावधानी है सबसे पहले तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने घर में कहीं भी या घर के आसपास पानी जमा न होने दें जहां पानी खड़ा हुआ वहां डेंगू फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। डॉक्टर बाजपेयी ने कहा कि हमें पूरी बाजू की शर्ट एवं पैरों में जुराबे हमेशा डालकर रखनी चाहिए ताकि डेंगू फैलने के खतरे को कम किया जा सके। यूथ रेडक्रॉस एवं लिगल लिट्रेसी सेल के इंचार्ज डॉ. विजय चावला ने बताया कि उन्होंने हर हर कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से डेंगू से पीड़ित लोगों की हर संभव सहायता करने की अपील की। डॉ. चावला ने बताया कि उन्होंने ब्लड डोनर का पर्सनल व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है जिस-जिस भी डेंगू पीड़ित को प्लेटलेट्स की जरूरत होती है उनकी हर संभव कोशिश रहती है कि वे उनका प्लेटलेट्स कराने में उनकी सहायता कर सकें लोगों की जिंदगी बचाने एवं रक्तदान की दिशा में हमेशा महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय ने अग्रसर की भूमिका निभाई है। डॉ. चावला ने बताया कि आज उन्होंने हर कक्षा में जाकर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रक्तदान करते हुए लोगों का जीवन बचाने की अपील की कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोफेसर गौरव बरेजा, डॉ. बहादुर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# पटाखे बजाकर खुशिया मनाना पर्यावरण के लिए घातक: डॉ. बाजपेयी

■ पटाखे बजाने से होने वाले नुकसान व पटाखे न चलाने की दिलाई शपथ



**जगाधरी (सच कहूँ न्यूज)।** महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी में यूथ रेडक्रास एवं लिगल लिट्रेसी सेल के इंचार्ज डॉ. विजय चावला के नेतृत्व में पटाखे न बजाने पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलिज प्राचार्य डॉ. पीके बाजपेयी के नेतृत्व में की गई। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि आज के समय में स्वच्छ पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकताओं में से मुख्य होनी चाहिए।

डॉ. बाजपेयी ने बताया कि जो हम हर खुशी पटाखें बजाकर जाहिर करना चाहते है पर शायद हम यह भूल चुके है कि पटाखे से निकलने वाला विषैला धुआ न केवल पर्यावरण को अपितु हमारी जान का सबसे बड़ा दुशमन है हमें जितना अधिक सम्भव हो सके पटाखें बजाने से बचना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विजय चावला ने बताया कि खुशी के अवसर पर पटाखे बजाने के अलावा खुशी जाहिर करना नाचना, कुदना, गाना गाना या किसी अपनी बुराई पर जीत हासिल करना इत्यादि है। हमे इनमें से किसी भी तरीके जो पर्यावरण एवं अपनी जान के लिए खतरा पैदा न करें खुशी के लिए उपयोग करना चाहिए। डॉ. चावला ने बताया कि यूथ रेडक्रास ने हमेशा हर बुराई को देश में जड़ से खतम करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। अब हमने पर्यावरण स्वच्छता का जो बीड़ा उठाया हुआ है। उसमें धीरे-धीरे सफल होते हुए दिखाई दे रहे है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विजय चावला ने विद्यार्थियों को पटाखे बजाने से होने वाले नुकसान व पटाखे न चलाने की शपथ दिलवाई।

सच कहूँ Fri, 15 October 2021
epaper.sachkahoon.com/c/63759021

# पटाखे बजाना पर्यावरण के लिए घातक: डा. बाजपेयी



पटाखे न चलाने की शपथ ग्रहण करते बच्चे। ● प्रवक्ता

**यमुनानगर** : महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास व लीगल लिट्रेसी सेल के इंचार्ज डा. विजय चावला के नेतृत्व में पटाखे न बजाने को लेकर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. पीके बाजपेयी के नेतृत्व में की गई। डा. बाजपेयी ने बताया कि आज के समय में स्वच्छ पर्यावरण को बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डा. विजय चावला ने बताया कि खुशी के अवसर पर पटाखे बजाने की बजाय अन्य और बहुत तरीके हैं। पटाखे बजाकर पर्यावरण एवं अपनी जान के लिए खतरा पैदा न करें। डा. चावला ने बताया कि यूथ रेडक्रास ने हमेशा हर बुराई को देश में जड़ से खत्म करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। (जासं)

# अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का निर्वाहन भी जरूरी: डॉ. बाजपेयी

**सच कहूँ/जयमल सैनी**



**जगाधरी।** महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय जगाधरी मे कामर्स विभाग एवं लीगल लीट्रेसी सेल के तत्वावधान से मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ पीके बाजपेयी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. बाजपेयी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा आज के समय का सबसे महत्वपूर्ण एवं चर्चा का विषय है। हम केवल अपने अधिकारों के बारे में ही नहीं बल्कि कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक भी रहना चाहिए।

मौजूदा समय में हर व्यक्ति अपने अधिकार तो लेना चाहता है, परन्तु कर्तव्यों का निर्वाहन करते से पीछे हटना चाहता है जोकि उचित नही है हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन भी आवश्यक है। कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा गुप्ता ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज की इस भाग दौर भरी जिंदगी में बहुत से लोगों पर अत्याचार हो रहे है जोकि मानव अधिकारों का हनन है। समाज में किसी के अधिकारों का हनन न हो उसी विषय में जागरूकता फैलाने के लिए का महत्वपूर्ण दिवस आयोजन किया गया।

लीगल लीट्रेसी सैल एवं यूथ रैडक्रास ईंचार्ज डॉ. विजय चावला ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के लीगल तथ्य के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे अधिकार तभी तक सुरक्षित है जब तक हम समाज के प्रति अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का बखूबी निर्वाहन करते हैं। कार्यक्रम में लगभग15 विद्यार्थियों ने मानवअधिकार पर अपने विचार सांझा करते हुए अन्य विद्यार्थियों को अधिकारों के विषय में जागरूक किया।

सच कहूँ Sun, 12 December 2021
epaper.sachkahoon.com/c/64915972